वर्ष 28 अंक 200
पृष्ठ 16
कानपुर, मंगलवार
2 मई 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

इंजीनियरिंग कॉलेजों में होगा कौशल विकास

जागरण संवाददाता, कानपुर : युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए कौशल विकास की शिक्षा का दायरा बढ़ाया जा रहा है। 12वीं पास ऐसे छात्र जिन्हें इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने का मौका नहीं मिल पाया है वे तकनीकी शिक्षण संस्थानों में अपने मनपसंद कौशल का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) इसके लिए नियम तैयार कर रहा है। नए सत्र से एकेटीयू कैंपस में कौशल विकास में कोर्स शुरू होने की संभावना है।

शैक्षिक योग्यता, प्राप्त अंकों व रुचि के आधार पर छात्र कौशल विकास में डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स कर सकेंगे। कोर्स का समय अंतराल कितना होगा, फिलहाल इस पर मंथन चल रहा है। कोर्स का उद्देश्य उन छात्रों को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ना है जिनके सामने आगे की पढ़ाई करने के रास्ते बंद हो चुके हैं। यह छात्र अपने अध्ययन के दौरान

जागरण विशेष

मौका

- **12वीं पास छात्रों के लिए एकेटीयू तैयार कर रहा फ्रेमवर्क**
- **इंजीनियरिंग कालेजों की लैब का कर सकेंगे इस्तेमाल**

इंजीनियरिंग कालेजों की प्रयोगशालाओं व अन्य संसाधनों का इस्तेमाल कर कुशल प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

75 फीसद होगा प्रयोगात्मक अध्ययन : कौशल विकास के कोर्स में 75 फीसद प्रयोगात्मक अध्ययन होगा। इसमें छात्र ऐसी ब्रांच का प्रयोगात्मक परीक्षण प्राप्त कर सकेंगे जिनकी फैक्ट्रियों से लेकर कंपनियों तक में जबरदस्त मांग है। वहां पर काम करने की नई तकनीक इस कोर्स का महत्वपूर्ण अंग होगी।